प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 06 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी, हरिद्वार में 'अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023' अभियान के अंतर्गत आज ग्राम यमकेश्वर ब्लॉक पौड़ी–गढ़वाल में किसान मेला आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. चौहान ने विभिन्न प्रकार के मोटे अनाजों, जैसे ज्वार, बाजरा, जौ, मडुआ, कौंणी, झंगोरा आदि के बारे में बताया। उन्होंने मोटे अनाज में पाये जाने वाले पोषक तत्वों एवं इसके सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया। किसानों की आय बढ़ाने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मशरूम और सब्जी की खेती के बारे में किसानों को विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी हरिद्वार के प्रभारी अधिकारी, डा. पुरूषोत्तम कुमार, डा. दीप्ति चौधरी एवं डा. सरिता वैश्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में चेतना नेगी, ट्रस्टी भी उपस्थित थीं। मेले में किसानों को सब्जी बीज भी प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में लगभग 200 लोग सम्मिलित हुए जिसमें 50 महिलाएं भी उपस्थित थीं।




*कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी, हरिद्वार में किसान मेले के अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*